सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-126
04/03/2017

पूर्व सांसद सैयद शहाबुद्दीन के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 04 मार्च 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पूर्व सांसद सैयद शहाबुद्दीन के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि वे एक कुशल राजनेता, प्रसिद्ध समाजसेवी एवं भारतीय विदेश सेवा के कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी रहे थे। समता पार्टी के गठन में भी हम साथ थे। उनसे हमारा पुराना व्यक्तिगत संबंध रहा है। उनके निधन से मुझे व्यक्तिगत क्षति हुयी है। वे भारत के संघीय ढॉचा में पूर्ण विश्वास रखते थे तथा शासन प्रणाली के सभी स्तर पर लोगों की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी के पक्षधर थे। उनके निधन से न केवल राजनीतिक बल्कि सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों, अनुयायियों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******